SAYEED): (a) No specific demand in this regard has come to the notice of Government.

(b) Does not arise.

(c) No seminar on the Centenary of Cinema has been held recently by Government. A meeting of the Committee for the Celebration of Centenary of Cinema was held recently. However, no discussions took place regarding a national film policy in this meeting.

(d) Does not arise.

(e) Since financing, production, distribution and exhibition of films is largely in the private sector, the policy on films continuously evolves with technological innovations and changes in the investment environment. It is Government's experience that various problems afflicting the film industry can be effectively and promptly tackled by setting up various committees/working groups as and when required. Similar steps would also be taken as and when required in future. Government also holds periodic meetings with the representatives of film industry to discuss various issues/problems and find ways and means of resolving them.

नागर विमानन और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हेतु धन

808. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विमानन और पर्यटन क्षेत्र में योजना-वार कितने धन का निवेश किया जाएगा;

(ख) किन-किन विभिन्न स्रोतों अर्थात् सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी स्रोतों से धन एकत्रित किया जाएगा;

(ग) नागर विमानन और पर्यटन विभाग के किन-किन क्षेत्रों में इस धन का निवेश किया जाएगा; और

(घ) विदेशी स्रोतों से इक्विटी एवं ऋण के रूप में क्रमशः कुल कितना-कितना धन प्राप्त होगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए, नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के संबंध में अनुमानित परिव्यय नीचे दिए गए हैं:—

नागर विमानन	— 9715.08 करोड़ रुपए
पर्यटन	— 534.64 करोड़ रुपए

(ख) धन संबंधी स्रोत मुख्यतः निम्नलिखित हैं:—

आन्तरिक संसाधन
बजटीय सहायता
आन्तरिक और बाहरी उधार
विदेशी सहायता

(ग) निवेश निम्न प्रकार हैं:—

नागर विमानन
(1) विमान अधिग्रहण और अनुरक्षण सुविधाओं की स्थापना
(2) हवाई अड्डे, दिक्चालन सुविधाओं, भू-सुरक्षा उपस्करों का विकास
(3) प्रशिक्षण
(4) अनुसंधान और विकास

पर्यटन
(1) प्रचार
(2) आधार संरचना
(3) जनशक्ति विकास
(4) विशेष पर्यटन क्षेत्रों का विकास
(5) होटल और यात्रा सुविधाएं

(घ) किसी भी सेक्टर में कोई भी विदेशी भागीदारी नहीं है। आठवीं योजना अवधि के दौरान कुल बाहरी वाणिज्यिक उधार/विदेशी अनुदान 3433.93 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

Scheme for Revival of Sick Textile Mills

809. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether his Ministry has introduced schemes for the revival of sick textile mills;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) the textile mills selected for revival under these schemes?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI KAMAL NATH): (a) to (c) Government

has set up the Board for Industrial and Financial Reconstruction (BIFR) to enquire into the working of sick industrial companies and to prepare and sanction, as appropriate, schemes for their revival. As on 30.6.95, 173 cotton/man-made fibre textile mills were registered with BIFR.

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा कृषि-आधारित उद्योग की स्थापना

810. **चौधरी हरमोहन सिंह:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने उत्तर प्रदेश में किसी कृषि-आधारित उद्योग की स्थापना की हैं अथवा स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस उद्देश्य हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० देबी प्रसाद पाल): (क) से (ग) राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने सूचित किया है कि उसने न तो उत्तर प्रदेश में कोई कृषि आधारित उद्योग लगाया है और न ही उसका ऐसा कोई विचार है। नाबार्ड एक शीर्ष स्तरीय वित्तीय संस्था है, जिसकी स्थपाना कृषि एवं ग्रामीण विकास के संवर्धन के लिए की गई है। औद्योगिक एककों की स्थापना करना इसके कार्य एवं उद्देश्यों की सीमा में नहीं आता। तथापि, नाबार्ड कृषि-आधारित उद्योगों को स्थापना सहित कृषि एवं गैर-कृषि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के निवेशों को वित्त पोषित करने के लिए बैंकों को पुनर्वित्त सहायता देता है। नाबार्ड ने यह भी सूचित किया है कि उसने उत्तर प्रदेश में विभिन्न कृषि-आधारित उद्योगों/प्रसंस्करण एककों को पुनर्वित्त सहायता के रूप में 14.28 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है।

Income Tax Outstanding Against Film Stars

811. SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what are the names of the film stars against whom income tax arrears amounting to more than rupees ten lakhs are outstanding up to 31st March, 1995; and

(b) what steps have been taken by Government to recover the amount?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M.V. CHANDRASHEKHAR MURTHY) (a) The names of the film stars against whom income-tax demand amounting to rupees ten lakhs and above remained outstanding as on 31.3.1995, are as under:—

1. Shri Rajesh Khanna
2. Shri Amitabh Bachchan
3. Shri Jackie Shroff
4. Shri A. A. Khan
5. Late Shri Kishore Kumar
6. Shri Naseeruddin Shah
7. Shri Vinod Khanna
8. Miss Barkha Roy.

(b) High priority is given to the work of collection/reduction of arrear demand and appropriate administrative, legal and other measures are taken to reduce the same. In bigger cases, the dossiers are maintained and the position is reviewed regularly. Request is made to the appellate authorities for early disposal of cases. Wherever the recovery proceedings are stayed by the Courts, steps are initiated to get the stay vacated. Coercive measures like attachment and sale of property, levy of penalty etc. are also taken in suitable cases for speedy recovery of demand.